हिंदी
(201)
शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक : 20

Max.Marks: 20

टिप्पणी : (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।

(क) कवि वृंद ने अपने दोहे के माध्यम से निरंतर अभ्यास करने पर बल दिया है। आपके जीवन में यह दोहा कितना उपयोगी सिद्ध हुआ है? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-2 देखें)

(ख) 'उनको प्रणाम' कविता के आधार पर स्पष्ट करें कि किसी भी देश की वर्तमान समृद्धि और विकास के पीछे उसके कर्मठ, देशभक्त पूर्वजों का बहुमूल्य योगदान होता है। (पाठ-20 देखें)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।

(क) भारतीय समाज में स्त्रियाँ निरंतर सशक्त हो रही हैं। 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ में इसके स्पष्ट संकेत देखने को मिलते हैं? टिप्पणी कीजिए। (पाठ-6 देखें)

(ख) बहादुर जैसे बच्चों के साथ उपयुक्त व्यवहार करके हम समाज में नकारात्मकता का वातावरण कम कर सकते हैं। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कथन के पक्ष या विपक्ष में टिप्पणी कीजिए।

(पाठ-1 देखें)

3. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।

(क) 'सुखी राजकुमार' कहानी के किस प्रसंग ने आपके हृदय को छू लिया? और क्यों? (पाठ-13 देखें)

(ख) 'बीती विभावरी जाग री' कविता के प्रकृति चित्रण से आपने क्या संदेश ग्रहण किया? टिप्पणी कीजिए। (पाठ-17 देखें)

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए।

(क) 'इसे जगाओ' कविता क्या हर परिस्थिति, हर काल में प्रासंगिक है? उदाहरण सहित तर्क दीजिए। (पाठ-12 देखें)

(ख) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के प्रकृति-चित्रण में बगुला किसका प्रतीक है? क्या यह प्रतीक आज के संदर्भ में उतना ही प्रासंगिक है? उदाहरण सहित टिप्पणी करें। (पाठ-8 देखें)

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए।

(क) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' दूर करने के लिए आप समाज को किस प्रकार जागृत करेंगे? (पाठ-14 देखें)

(ख) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' निबंध का मूल संदेश क्या है? पाठ पढ़कर आप किस तरह के समाज की कल्पना करते हैं? अपने विचार व्यक्त कीजिए। (पाठ-18 देखें)

6. निम्नलिखित में से कोई एक परियोजना बनाइए।

(क) भारतीय राजनीति, सामाजिक कल्याण, लेखन, विज्ञान, कला, साहित्य के क्षेत्रों में महान उपलब्धि प्राप्त स्त्रियों से संबंधित जानकारी एकत्रित कीजिए और फोटो सहित फाइल में लगाइए।

(ख) प्रेमचंद की कहानियां पढ़िए और किन्हीं पाँच कहानियों का सार एक तिहाई शब्दों में लिखिए।